माध्यमिक शिक्षा मण्डल, मध्यप्रदेश, भोपाल

ई-मेल : mpbse@mp.nic.in वेब साइट : www.mpbse.nic.in

फैक्स ☎ (0755) 2551499, 2552061

भोपाल दिनांक 31 जुलाई, 2013

//प्रेस विज्ञप्ति//

अंकसूची/प्रमाण-पत्र की प्रतिलिपि एवं संशोधित अंकसूची प्राप्त करने की प्रक्रिया का सरलीकरण।

----0----

माध्यमिक शिक्षा मण्डल, मध्यप्रदेश, भोपाल में छात्र-छात्राओं एवं उनके अभिभावकों द्वारा समय-समय पर डुप्लीकेट अंकसूची/प्रमाण-पत्र/माईग्रेशन प्राप्त करने हेतु आवेदन जमा किए जाते है। वर्तमान में मण्डल द्वारा इन आवेदन को परीक्षण उपरांत अंकसूचियाँ प्रमाण-पत्र एवं माईग्रेशन तैयार कर संबंधित छात्र-छात्राओं एवं उनके अभिभावकों द्वारा दिए पर पते पर स्पीड-पोस्ट एवं रजिस्ट्री द्वारा भेजने की कार्यवाही की जाती है।

इसी प्रकार छात्र-छात्राओं, प्राचार्यो एवं छात्र-छात्राओं के अभिभावकों द्वारा अंकसूचियों में संशोधन हेतु भी आवेदन अभिलेख कक्ष में जमा किए जाते है। मण्डल अभिलेख शाखा द्वारा ऐसे आवेदन-पत्रों पर सक्षम अधिकारी से स्वीकृति/अनुमोदन प्राप्त करने के उपरांत अभिलेख शाखा द्वारा संशोधित अंकसूची तैयार कर छात्र द्वारा जमा किए गए समस्त मूल अभिलेखों के साथ संस्था प्राचार्य/छात्र द्वारा दिए गए पते पर रजिस्ट्री द्वारा प्रेषित किए जाते है।

मण्डल द्वारा छात्रहित में छात्र-छात्राओं की सुविधा को दृष्टिगत रखते हुए निर्देश जारी किए है कि जिन छात्र-छात्राओं की अंकसूची डाक से भेजने हेतु तैयार है, ऐसे छात्र-छात्राओं व उनके माता-पिता द्वारा हाथों-हाथ डुप्लीकेट अंकसूची की मांग की जाती है तो संबंधित शाखा के सहायक सचिव छात्र-छात्राओं/अभिभावकों से उनकी पहचान सुनिश्चित कर हाथों-हाथ डुप्लीकेट अंकसूची/प्रमाण-पत्र/माईग्रेशन/संशोधित अंकसूची छात्र-छात्राओं/अभिभावकों द्वारा निम्न दस्तावेजों में से किसी एक दस्तावेज प्रस्तुत करने पर प्रतिदिन सायंकाल 3 से 4 तक अभिलेख शाखा के काऊण्टर नम्बर 1 एवं 2 से प्रदान की जावेगी।

छात्र-छात्राओं/अभिभावक द्वारा निम्न दस्तावेजों में से एक मूल दस्तावेज प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।

1. विद्यालय/महाविद्यालय द्वारा जारी पहचान-पत्र।
2. मण्डल द्वारा जारी नामांकन कार्ड, हाईस्कूल/हा.से. परीक्षा का प्रवेश-पत्र।
3. आधार कार्ड।
4. निर्वाचन पहचान-पत्र।
5. ड्राईविंग लाईसेंस।
6. पेन कार्ड।
7. पासपोर्ट।
8. शासकीय कार्यालय प्रमुख से जारी पहचान-पत्र।

अभिलेख शाखा के सहायक सचिव, श्री मुकेश मालवीय एवं श्रीमती ममता रविपाल यह सुनिश्चित करेगें कि छात्र-छात्राओं/अभिभावकों के उक्त दस्तावेजों में से किसी एक दस्तावेज की फोटों प्रति सत्यापित कर अभिलेख कक्ष में प्रतिदिन 3 से 4 बजें तक वितरित करेगें तथा प्रतिदिन अपनी रिपोर्ट पंजीयक के माध्यम से सचिव को प्रस्तुत करेगें।

31/7/13

(सुनीता त्रिपाठी)
सचिव
माध्यमिक शिक्षा मण्डल, मध्यप्रदेश,
भोपाल

D:\pro\PRESS NOTE\Press Note2012\press vigupti.doc